## पति की हत्या मामले में पत्नी सहित प्रेमी गिरफ्तार

पहले शराब पार्टी की और फिर गला रेता



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अजमेर जिले के नसीराबाद उपखंड के सदर थाना क्षेत्र में बुधवार को युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी सहित प्रेमी ई-मित्र संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर ही मामले का पर्दाफाश कर दिया। युवक की हत्या प्रेमी ने पैसे देने के बहाने महिला के पति को बुलाया और शराब पिलाकर छुरी से गला रेत कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी मृतक की पत्नी को घर से लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को स्कूटी पर फरार होते समय बीच रास्ते में पकड़ लिया था। पुलिस दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ में जुटी है। जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने गुरुवार को मामले का पर्दाफाश करते हुए मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि 8 अप्रैल को सुबह नसीराबाद सदर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि हाउसिंग बोर्ड से आगे राजोसी रोड पर एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को युवक की लाश पड़ी हुई मिली, पुलिस शव के शिनाख्त के प्रयास किए गए तो लोगों ने बताया कि शव मस्तान पुत्र दिलावर चीता नाम के युवक का है। पुलिस ने तुरंत परिजन को इसकी सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर एफएसएल टीम से साक्ष्य एकत्रित करवाए। मृतक के भाई घीसा ने शिकायत देकर मृतक की पत्नी जनता और उसके प्रेमी बशीर पर हत्या की आशंका जताई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच टीम का गठन किया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

**फरार होते समय दबोचा पत्नी व प्रेमी :** एसपी वंदिता राणा ने बताया कि जांच टीम ने तकनीकी जानकारी, घटनास्थल और आसूचना संकलन सहित आसपास साक्ष्य इकट्ठा करने व आरोपियों की तलाश का लक्ष्य दिया। पुलिस टीमों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर हत्या की वारदात का पता लगा लिया। पुलिस ने नसीराबाद निवासी बशीर खान पुत्र रामा और मृतक की पत्नी जनता को उस समय गिरफ्तार किया, जब वे स्कूटर पर फरार हो रहे थे। दोनों ने अपना जुर्म कबूल लिया है।

**पैसे देने के बहाने बुलाया घर फिर रेता गला :** एसपी राणा ने बताया कि प्रेमी ने पैसे देने के बहाने महिला के पति को घर बुलाया, इसके बाद शराब पिलाकर छुरी से उसका गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि मृतक की पत्नी जनता और बशीर के बीच पिछले एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसके चलते बशीर अपनी प्रेमिका जनता से मिलने में उसके साथ रहने में मृतक मस्तान बाधा बन रहा था। जिस कारण से मृतक की पत्नी जनता व उसके प्रेमी बशीर ने मिलकर मस्तान की हत्या करने की योजना तैयार की थी।

## बढ़ती महंगाई को लेकर यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

आनासागर झील में फेंके गैस सिलेंडर



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** देश में बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर व पेट्रोल डीजल के बढ़ते दामों को लेकर कांग्रेस देशभर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी कड़ी में अजमेर में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा आनासागर झील में गैस सिलेंडर फेंककर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आम जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया। यूथ कांग्रेस शहर अध्यक्ष मोहित मल्होत्रा के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता एकत्रित हुए और वैशाली नगर रीजनल कॉलेज वाली चौपाटी पहुंच कर केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। मल्होत्रा ने बताया कि केंद्र में भाजपा की सरकार को साल वर्ष पूरे हो चुके हैं, एक तरफ तो प्रधानमंत्री बड़े-बड़े वादे करते हैं, तो वहीं दूसरी ओर महंगाई को बढ़ाया जा रहा है।

# वर्तमान में वर्धमान की अत्याधिक आवश्यकता है : आचार्य वसुनंदी

## 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया
## ख्वाजा साहब की दरगाह के बाहर दिखा साम्प्रदायिक सोहार्द



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्मोत्सव जैन समाज की ओर से गुरुवार को अजमेर शहर सहित जिले भर में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर केसरगंज स्थित पार्श्वनाथ जैसवाल जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। हाथी-घोड़ों पर सवार महावीर स्वामी की रथयात्रा का जूलूस का शहर भर में जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में जैन आचार्य वसुनंदी महाराज व मुनि ससंघ साथ रहे। जुलूस में जैन धर्म व भगवान महावीर स्वामी के जीवन पर आधारित झांकियां शामिल रही। जुलूस के ख्वाजा साहब की दरगाह के बाहर पहुंचने पर साम्प्रदायिक सौहार्द देखने को मिला, मुस्लिम प्रतिनिधियों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा का शहर भर में राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया।

**महावीर जयंती जुलूस में उमड़ा जैन समाज :** जुलूस में भगवान महावीर के जीवन प्रसंगों पर आधारित झांकियां सजाई गई। जुलूस के साथ ऊंट, घोड़, बग्घी साथ चले। बाजारों में फर्रियों, रंगबिरंगी लाइटों से सजावट की गई। जुलूस पार्श्वनाथ दिगम्बर जैसवाल जैन मन्दिर केसरगंज से प्रारंभ हुआ, जो संत फ्रांसिस अस्पताल रोड, मदनगोपाल रोड, आर्य समाज मार्ग, स्टेशन रोड, मदार गेट, चूड़ी बाजार, नया बाजार, कड़क्का चौक, धान मंडी, दरगाह बाजार, नला बाजार होकर वापस केसरगंज पहुंचा। जुलूस में जैन समाज के महिला-पुरुष सहित बच्चे-बुजुर्ग शामिल हुए।

**महावीर स्वामी के सिद्धांतों का संदेश देती झांकियां :** जुलूस में भगवान महावीर का मोक्ष कल्याणक, गजरथ एवं टीले का रहस्य, टीले का चमत्कार, अहिंसा परमो धर्म:, सम्मेद शिखर, कमठ का उपसर्ग, कैलाश गिरी पर्वत, अनंत चौबीसी, पुरखा भील का मुनि पर वार, चंदबाला द्वारा आहार दान, त्रिलोक तीर्थ की रचना, भगवान का जन्म अभिषेक, 16 सपने, चंडकौशिक सर्प का उद्धार, जियो और जीने दो का संदेश, श्रीपाल मयणा सुंदरी की आयंबिल की आराधना, आचार्य विद्यासागर और सुधासागर का रामटेक में मिलन सहित अन्य करीब 40 झांकियां आकर्षक का केंद्र रही। जिन्हें न्यू शांतिनाथ, श्रीविद्या, न्यू शीतलनाथ क्लब, ऋषभनाथ, सुमतिनाथ, ब्राह्मी महिला, सुनंदा महिला, सृष्टि महिला, स्वतन्त्र जैन चिन्तन महिला और अन्य संगठनों ने तैयार किया। जुलूस में श्रीजी के स्वर्णमयी सफेद अश्वों का रथ, जिनवाणी रथ, ऐरावत हाथी, 11 घोड़े, उद्घोषक रथ, 7 बैंड, 21 ढोल, संगीत मंडली के साथ हजारों जैन धर्मावलंबी शामिल हुए।

जैन आचार्य वसुनंदी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान महावीर के संदेश जीओ और जीने दो एवं अंहिसा के संदेश को जन जन तक पहुंचाना चहिए। महोत्सव में भाग लेकर पुण्य की वृद्धि करनी चाहिए। हमें सत्य अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए, वर्तमान में वर्धमान की अत्याधिक आवश्यकता है। विनीत कुमार जैन, लोकेश जैन ढिलवारी, पवन जैन, नीरज जैन सुथनिया, विनीत जैन उन्नैरिया मौजूद रहे। सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के बाहर मुस्लिम प्रतिनिधियों ने शोभायात्रा जुलूस पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, इस मौके पर सांप्रदायिक सौहार्द देखने को मिला। ख्वाजा साहब की दरगाह के बाहर निकलने वाले धार्मिक जुलूसओं का स्वागत मुस्लिम समाज द्वारा किया जाता है।

महावीर जयंती का जुलूस दरगाह के मुख्य द्वार पर पहुंचा गरीब नवाज सूफी मिशन सोसाइटी के पदाधिकारियों ने जुलूस में शामिल प्रतिनिधियों का माला पहनाकर स्वागत किया और दरगाह के खादिमों ने जैन समाज के प्रतिनिधियों की दस्तारबंदी की। इस बीच दरगाह के बाहर पुलिस अधिकारी व भारी पुलिस जाब्ता सुरक्षा के मद्देनजर तैनात रहा।

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव महावीर जयंती के अवसर पर गुरुवार को सर्वधर्म मैत्री संघ अजमेर के अध्यक्ष प्रकाश जैन के नेतृत्व में सदस्यों व पदाधिकारियों ने जुलूस में शामिल होकर सहभागिताएं प्रदान की और आचार्य वासुनंदी महाराज व मुनि ससंघ का आशीर्वाद प्राप्त कर जैन धर्म के अनुयायियों को महावीर जयंती पर्व पर शुभकामनाएं व बधाई दी।

सर्वधर्म मैत्री संघ अजमेर के अध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी ने बताया कि संघ के पदाधिकारियों ने भगवान महावीर स्वामी के जन्म जयंती महोत्सव के अवसर पर केसरगंज जैन मंदिर से जैन आचार्य वसुनंदी महाराज मुनि ससंघ के सान्निध्य में शुरू हुई शोभायात्रा के जुलूस में शामिल होकर भगवान महावीर का संदेश जियो और जीने दो के पट्टे लगाकर अहिंसा परमो धर्म का संदेश दिया, जो अपने आप में अनुकरणीय उदाहरण व सर्वधर्म मैत्री संघ अजमेर की पहल है।

उन्होंने बताया कि सर्वधर्म मैत्री संघ के पदाधिकारियों हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सर्वधर्म का संदेश देते हुए सभी धर्मों के प्रमुख त्योहारों पर सहभागिता रखकर प्रेम, भाईचारा व सद्भावना का संदेश देते आ रहे हैं। शोभायात्रा के जुलूस में सहभागिता निभाने वालों में फादर कॉसमॉस शेखावत, चित्रकूट धाम के उपासक पाठक महाराज, मेहमूद खान, बोहरा मस्जिद के मोहम्मद अली बोहरा, डॉ. मंसूर अली खान, सरदार कश्मीर सिंह, सरदार हरदीप सिंह, फादर अजय, सिस्टर करुणा, गायत्री परिवार से एक्सईएन शर्मा, अजीत दुआ, सूरज गुर्जर, बुद्धिस्ट बेरवाल, प्रेम प्रकाश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक दिवस पर 101 बच्चे लाभान्वित

जीवदया के अंतर्गत अशक्त गोवंश को हराचारा किया अर्पण

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर वर्तमान शासननायक महावीर स्वामी भगवान के जन्म कल्याणक की शुभ बेला पर अजमेर के स्लम एरिया बैराज रोड स्थित संजय नगर के 101 जरूरतमंद परिवार के बच्चो को गणवेश की सेवा देकर भगवान के दिव्य संदेश जीयो और जीने दो को चरितार्थ किया गया, साथ ही इस शुभ बेला पर जीवदया के अंतर्गत अशक्त गोवंश को एक ट्रॉली हरा चारा अर्पण किया। श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के अध्यक्ष अतुल पाटनी ने बताया कि सेवा कार्य को सामाजिक कार्यकर्ताओं के माध्यम व समिति संरक्षक राकेश पालीवाल, कमलेश पालीवाल समिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी एवं समिति की सर्वोदय कॉलोनी इकाई की सदस्याओं एवं अन्य भामाशाहों का सहयोग रहा। इस अवसर पर युवा महिला संभाग अध्यक्ष सोनिका भैंसा, मंत्री सरला लुहाड़िया, इकाई अध्यक्ष मधु जैन, इंद्रा कासलीवाल, महिला प्रकोष्ठ मंत्री रेनू पाटनी आदि मौजूद रही।



## व्यापार के साथ महासंघ के माध्यम से धार्मिक सामाजिक कार्य करना सराहनीय कदम : शेखावत



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** उत्तार घसेटी बाजार में गणगोर की सवारी के अवसर पर महाआरती पूजन के बाद अजमेर व्यापारिक महासंघ के प्रमुख पदाधिकारियों और अतिथियों को सम्मानित किए जाने के अवसर पर श्रीनगर रोड बाजार व्यापारिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापारी वर्ग व्यापार के साथ अजमेर व्यापारिक महासंघ के माध्यम से धार्मिक, सामाजिक, देशहित, व्यापारी हित, समाजसेवी, प्रशासनिक सहयोग के कार्य करना सराहनी कदम है, उनको में साधूवाद देता हूं। महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि अजमेर के छोटे से छोटे व्यापारियो के हितो के लिए भी महासंघ संघर्ष करता है। रमेश लालवानी ने महासंघ कें पदाधिकारियों ने महेन्द्र बंसल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम की उपमहापैर नीरज जैन ने भी महासंघ के पदाधिकारियों की कार्यशैली की भी सराहना की। कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र मूरजानी, महासचिव रमेश लालवानी, कचहरी रोड के किशोर टेकवानी,आगरा गेट के सुरेश तम्बोली, पुलिस लाइन्स के रणवीर सैनी, डिग्गी बाजार जनरल मर्चेन्ट ऐसोसिएशन के विजय गोयल, रोहित कुमार गोलू, खजाना गली के चन्द्रप्रकाश सोनी, संजय मार्केट के हरीश वतवानी, सोदागर मोहल्ले के उमेश शर्मा, नला बाजार के ठाकुर प्रसाद, नरेन्द्र भारद्वाज, प्रमोद शर्मा, मुकेश परिहार, सदर बाजार के अशोक दुलानी, दिलीप भाई सहित अन्य का तिलक लगाकर दुपट्टा पहनाकर और प्रसाद भेंट करके सम्मानित करके अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर महासचिव रमेश लालवानी ने अच्छे व्यापार,परिवार की खुशहाली समृद्धि व विकास की शुभकामनाएं प्रदान की।

# सिन्ध प्रान्त भारत में नहीं, पर मातृ भाषा सिन्धी आत्मा में है : शर्मा

## सिन्धी भाषा मान्यता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** स्वतंत्रता मिलने पर अखण्ड भारत से सिन्ध प्रान्त अलग हो गया और समाज बन्धु देश के अलग अलग हिस्से में बस गये। सिन्ध प्रान्त भारत में नहीं होने पर भी मातृ भाषा सिन्धी हमारी आत्मा है और भारत सरकार ने भी प्राथमिक अध्ययन मातृभाषा में करवाने के लिए नई शिक्षा नीति लागू की है। ऐसे विचार भारतीय सिन्धू सभा की ओर से सिन्धी भाषा मान्यता दिवस पर स्वामी सर्वानन्द विद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता निरंजन शर्मा ने प्रकट किए।

शर्मा ने कहा कि हमारी पहचान पांच भ से होती है जिसमें भाषा, भूषा, भवन, भोजन व भ्रमण है, जो हमें भाषा के साथ सभ्यता से जोड़ता है। 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू हुआ परन्तु सिन्ध प्रदेश से अलग हए समाज की मातृभाषा सिन्धी को नहीं जोड़ा गया और मान्यता के लिए लगातार संघर्ष करते हुए 10 अप्रेल 1967 को संविधान की आठवीं अनुसूची में जुड़ने की सफलता प्राप्त हुई।

प्रदेश भाषा एवं साहित्य मंत्री डॉ. प्रदीप गेहाणी ने कहा कि सरकार भाषा का विस्तार व बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। राज्यों में भाषा के लिए अकादमियों का गठन व केन्द्र स्तर पर राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद का गठन किया गया है और भारतीय सिन्धू सभा की ओर से बाल संस्कार शिविरों के अलावा अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से बच्चों को मातृभाषा से जोड़ने व ज्ञान बढ़ाने की सेवा समाज से मिलकर हो रही है। आज आवश्यकता है सिन्धू विकास बोर्ड की स्थापना की जाए।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक कमाण्डेंड मनोज भम्भाणी ने कहा कि यह गर्व की बात है कि 9 अप्रैल को शौर्य दिवस व आज मातृभाषा मान्यता दिवस है। विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के लिए सहयोग देने व बाल संस्कार शिविरों में भी राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा के लिए प्रशिक्षण देने के लिए तत्पर हूं। सुधार सभा के संरक्षक ईश्वर ठाराणी कहा कि सिन्ध व हिन्द के साहित्यकार व शिक्षाविद् भाषा के माध्यम से आपसी जुड़ाव की बात कर रहे हैं और सिन्ध मिलकर अवश्य अखण्ड भारत बनेगा। अप्रवासी भारतीय एचआर आसवाणी, सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार तीर्थाणी ने भी अपने विचार रखे।

मंत्री महेश टेकचंदाणी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ आराध्यदेव झूलेलाल, भारत माता व सिन्ध के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

स्वागत भाषण जिला मंत्री रमेश वलीरामाणी व आभार अध्यक्ष नरेन्द्र बसराणी ने प्रकट किया। सत्र का संचालन संगठन मंत्री मोहन कोटवाणी व रूकमणी वतवाणी ने किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सिन्धी भाषा गीत व प्रार्थना की। सामूहिक राष्ट्रगान से समापन हुआ।

## विधायक चौधरी ने बजरंगगढ़ माताजी का दर्शन कर की पूजा-अर्चना

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** किशनगढ़ के विधायक डॉ. विकास चौधरी ने आज अजमेर प्रवास के दौरान बजरंगगढ़ स्थित जय अम्बे माता जी के मंदिर के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष हमीदा बानो, नगर अध्यक्ष आजम कुरैशी, जगदीश गोरा, कानाराम चोटिया, सुरेश बढ़ाना, राधेश्याम वैष्णव, चेतन शर्मा, अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिवकुमार बंसल, आरिफ हुसैन, कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव मामराज सेन, हेमराज सिसोदिया, पूर्व मनोनीत पार्षद नितिन जैन आदि उपस्थित रहे।

## गगवाना क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन-2 का समापन, विजेताओं को दी ट्रॉफी



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** कायड़ विश्राम स्थली पर 2 अप्रेल से शुरू हुई नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता गगवाना प्रीमियम लीग सीजन-2 का समापन समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर विजेता को विनिंग प्राइज 55555, तथा उपविजेता 25555 को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शिवराज सिंह पलाड़ा प्रदेशाध्यक्ष खो-खो संघ राजस्थान रहे तथा अध्यक्षता दरगाह दीवान साहब के उत्तराधिकारी नसरुद्दीन चिश्ती ने की। विशिष्ट अतिथि हाजी महमूद खान जिलाध्यक्ष अल्पसंख्य कांग्रेस, युवा नेता अरशद इंसाफ, गेगल पूर्व सरपंच महमूद खान ने किया। गगवाना के पूर्व सरपंच असलम पठान व ग्रामवासियों ने सभी अतिथियों का माला, साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया।